Dainik Kouser

वेस्टीज करेगी मिडल ईस्ट व अफ्रीका में विस्तार

नई दिल्ली। घरेलू डायरेक्ट सेलिंग कंपनी वेस्टीज मार्केटिंग ने रिकॉर्ड 30 प्रतिशत सीएजीआर की दर से वृद्धि हासिल की है और 2025 तक मिडल ईस्ट, अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों में विस्तार का लक्ष्य रखा है। कंपनी 2004 में अपनी शुरुआत से परिचालन के 17 साल पूरे कर लिए हैं। कारोबार, बाजारों और उत्पादों के मामले में रणनीतिक तरीके से कदम बढ़ाते हुए वेस्टीज इस समय डीएसएन ग्लोबल 100 की लिस्ट में 36वें स्थान पर है और यह इकलौती भारतीय कंपनी है जिसने प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाई है। वेस्टीज को तीसरे साल ग्रेट प्लेस टु वर्क का प्रमाणपत्र भी मिला है। वेस्टीज ने बेहतर भविष्य के लिए हेल्थ एवं वेलनेस प्रोडक्ट्स तक पहुंच बढ़ाते हुए भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में लाखों डिस्ट्रीब्यूटर्स को सशक्त किया है। मैनेजिंग डायरेक्टर गौतम बाली ने कहा, यह सामूहिक प्रयास है, जो हमारी 17वीं सालगिरह पर हमारी थीम एक साथ में झलकती है।